# INDIAN RAILWAYS S&T MAINTAINERS' UNION
# भारतीय रेलवे संकेत एंव दूरसंचार अनुरक्षक संघ

(Registration No.: G-6604) (Registered Under Trade Union Act - 1926)

HEAD OFFICE : A/30, Karmvir Nagar - 8, Po. Bilodara, Nadiad, Dist. Kheda, Gujarat - 387002.

| Navin Kumar<br>National President<br>9693305480 | Prabodh Kumar Srivastava<br>National Treasurer<br>9826902169 | Alok Chandra Prakash<br>General Secretary<br>7046530761 |
|---|---|---|


**Sr. No.: IRSTMU/BD/PMO/02/01** **दिनांक: 07.02.2024**

**सेवा में,**

**माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी**
**माननीय प्रधानमंत्री**
**भारत सरकार**
**नई दिल्ली.**

IRSTMU

विषयः संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों द्वारा दिनांक ***14 मार्च, 2024 को "एक दिवसीय उपवास के साथ मौन-व्रत एवं काला दिवस" के रूप में मनाये जाने*** के संदर्भ में।

**संदर्भः i) CP No. 961 of Sr. DSO/BCT**
**ii) Railway Board Letter No.: E(MPP)2021/1/16 dated: 28.12.2022. (RBE No. 170/2022)**
**ii) Railway Board Letter No.: E(LL)2001/HER/9 dated: 09.08.2005. (RBE No. 131/2005) (The Gazette of India: Extraordinary/Part II – Sec.3 Sub-section (i) No. 162 dated: 30 March, 2007)**
**iii) Railway Board's Order No. ERB-I/2019/23/09 दिनांकः 11.02.2019.**
**iv) Railway Board's Letter No. 2019/E(LR)II/8/9 dated: 06.02.2019**
**iv) IRSMU Letter No. IRSTMU/YS/HOER/06/01, Dated: 08.06.2023 to Hon'ble PM Sir.**
**v) IRSMU Letter No. IRSTMU/BD/PMO/01 dated: 25.01.2019**

**महोदय,**

हम संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारी **इंडियन रेलवे एस एडं टी मैंटेनरर्स युनियन** के प्रतिनिधि के तौर पर आपको निवेदन करना चाहते हैं कि

1. दिनांक 22 जनवरी, 2024 को पश्चिम रेलवे, मुम्बई मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के तीन कर्मचारी श्री वासु मित्रा (सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिग्नल); श्री सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे (सिग्नल मैंटेनर तथा श्री सचिन वानखड़े (सहायक सिग्नल), वसई रोड स्टोशन के KM 49/18 के पास ट्रेन नंबर VR - 90910 UP/LL से रात 20.55 बजे रनओवर हो गए।

IRSTMU

2. उसके ठीक पाँच दिन बाद **27 जनवरी, 2024** को उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के रुँधी स्टेशन के व. तकनीशियन श्री संजय कुमार सिन्हा जी सुबह 07:55 को ट्रैक सर्किट फेलियर के दौरान रन ओवर हो गए।
3. पुनः दिनाकः **06 फरवरी, 2024 को** पूर्व मध्य रेलवे के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पुसौली स्टेशन पर सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के दो कर्मचारी श्री सुधांसु कुमार, तकनीशियन - 1 एवं श्री हरदेव, सहायक एक साथ रन ओवर हो गये।

महज 16 दिनों में 06 सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारी कार्य के दौरान रन ओवर हो चुके हैं। **इंडियन रेलवे सिग्नल एवं दूरसंचार अनुरक्षक संघ आपसे अनुरोध करना चाहती है कि इन सभी दर्दनाक हादसों की न्यायिक जाँच कराई जाए।** इसके अलावा पिछले चार-पांच सालों में संकेत एवं दूरसंचार विभाग के सैकड़ों कर्मचारी रन ओवर या ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मारे जा चुकें हैं। संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के इस प्रकार रन ओवर हो जाने के बाद अमानवीय कृत्य किया गया जिससे हम संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों का मनोबल बहुत ही कम हो चुका है। **हर साल दो दर्जन (24) से अधिक संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारी रन ओवर या ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मारे जाते हैं या LC गेट की मरम्मत के दौरान लोकल पब्लिक द्वारा मार दिये जाते हैं।**

प्रस्तुत संदर्भ में हमने कई बार आपको सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की दुर्दशा के बारे में सुचित किया है यहाँ तक कि वर्ष 2019 में रिस्क तथा हार्डशिप अलाउंस के लिए कमिटि का गठन भी करने के बावजूद भी आज तक सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को रिस्क तथा हार्डशिप अलाउंस नहीं दिया गया है; ना ही **HOER, 2005 के नियमों का उल्लंघन को रोका जा सका है और ना ही नाईट ड्यूटी फेलियर गैंग की स्थापना की गई है।**

हमें **बिना किसी ड्यूटी रोस्टर** के या अपने कार्य अवधि के बाद कभी भी जब भी सिगनल फेलियर हो जाता है **HOER, 2005 के नियमों का उल्लंघन** करते हुए बुलाया जाता है परन्तु उसके एवज में हमें कोई भी भत्ता नहीं दिया जाता है और यदि नींद में हमसे कोई गलती हो जाती है तो हमें चार्जशीट, सस्पेंशन जैसी चीजों का सामना करना पड़ता है और तो और कई बार तो नौकरी से निकाल दिया गया है। हमारे द्वारा इकट्ठा किए गए आंकड़ों के अनुसार संकेत एवं दूरसंचार विभाग में सबसे ज्यादा चार्जशीट (करीब 70%) ई एस एम को दी जा रही है इतना ही नहीं संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की बिना ड्यूटी रोस्टर के काम करने की वज़ह से अनियमित जीवन प्रणाली के कारण संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारी हृदय रोग, मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के ग्रास हो रहे हैं। इतना ही नहीं हमारी चुक कई बड़े हुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है उदाहरण बालसोर हदसा है जिसमें हमारे तीन साथी अभी तक CBI की जेल में हैं। आपसे निवेदन है कि ***हमारे तीनों साथियों को जल्द - से - जल्द न्याय देते हुए समस्या की जड़ तलाश की जाए एवं हमारे तीनों साथियों को रिहा किया जाए।*** संकेत एवं दूरसंचार कर्मचारियों पर प्रशासन द्वारा ध्यान

IRSTMU

नहीं दिये जाने की वजह से तथा हम कर्मचारियों की उपेक्षा की वज़ह से असंतोष की भावना बढ़ रही है। संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की इतनी कड़ी मेहनत के बावजूद भी हम संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की ***तीन मुख्य मांगोः***

1. ***रिस्क एवं हार्डशिप अलाउंस***
2. ***नाईट ड्यूटी फेलियर गैंग की स्थापना तथा***
3. ***HOER, 2005 के नियमों का उल्लंघन को रोकना;***

नहीं मानी जा रही है अतः अब तक शहीद हुए सभी संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की याद में श्रद्धांजलि देते हुए हम संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को **रिस्क तथा** हार्डशिप **अलाउंस** दिये जाने के लिए; **नाईट ड्यूटी फेलियर गैंग** की स्थापना की माँग के समर्थन में तथा **HOER, 2005 के नियमों का उल्लंघन को रोकने के लिए संपूर्ण भारतीय रेलवे के संकेत एवं दूरसंचार विभाग में** दिनांक **14 मार्च, 2024 को चौथी बार काला दिवस** के रूप में मनाते हुए अपने दायें बाजुओं में **काली पट्टी बांध कर एक दिवसीय मौन-व्रत तथा उपवास** करते हुए पूरे दिन **सुबह 08:00 बजे से शाम 18:00 बजे तक** रेलवे तथा देश को अपनी सेवाएँ देंगे एवं शाम को आप श्री को ज्ञापन सौंपेगें। इससे पूर्व हमने 27 सितम्बर, 2016 को, 09 फरवरी, 2019 को, 31 अक्टूबर, 2020 को तथा 09 फरवरी, 2022 को भी **काला दिवस** के रूप में मनाते हुए अपने दायें बाजुओं में **काली पट्टी बांध कर एक दिवसीय मौन-व्रत तथा उपवास करते हुए रेलवे तथा देश को अपनी सेवाएँ देते हुए आपको हमारी** समस्याओं से अवगत करा चुके हैं। परन्तु आज तक कोई ठोस कदम नहीं लिया गया इससे हमें निरासा ही मिली है। अतः आपसे निवेदन है कि हमारी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द-से-जल्द हमारी सभी महत्वपूर्ण मांगों को पूरा किया जाए।

हम सिग्नल एवं टेलिकॉम विभाग के कर्मचारी आपके सदा ही आभारी रहेंगे तथा आपने कई ऐतिहासिक फैसले लेकर हम भारतवासियों के मन को जीता है एक बार पुनः हम सिग्नल एवं टेलिकॉम विभाग के कर्मचारियों के लिए अपनी कृपा दिखाइए।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी

आलोक चन्द्र प्रकाश

**General Secretary**
**Indian Railways S&T Maintainers' Union**
Nadiad.
Registration No.: G-6604